न्यायालय अतिरिक्त जिला कलक्टर, दौसा

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	प्रार्थना पत्र स्थानान्तररण मुकदमा संख्या 9/2023 बजरंगलाल व अन्य बनाम जगन्नाथ व अन्य	
09.06.2023	पत्रावली पेश हुई। पत्रावली का अवलोकन किया गया। उप जिला कलक्टर रामगढ पचवारा की तथ्यात्मक टिप्पणी प्राप्त होकर संलग्न पत्रावली है। अप्रार्थी संख्या 1 की ओर से कमलेश कुमार सैनी द्वारा वकालतनामा एवं जवाब प्रार्थना पत्र पेश किया गया है। अधिवक्ता प्रार्थी एवं प्रार्थीगण को बार–बार आवाज लगवाई गई। किन्तु अधिवक्ता प्रार्थी एवं प्रार्थीगण में से कोई भी उपस्थित नहीं हुआ। इससे प्रतीत होता है कि प्रार्थीगण विचाराधीन प्रार्थना पत्र स्थानान्तरण को नहीं चलाना चाहते है। ऐसी स्थिति में उप जिला कलक्टर रामगढ पचवारा में विचाराधीन प्रकरण संख्या 168/2012 दावा इन्द्राज दुरूस्ती अधिघोषणा स्थाई निषेधाज्ञा उनवानी जगन्नाथ बनाम मोहनलाल आदि को अन्य सक्षम न्यायालय में स्थानान्तरण करने हेतु प्रार्थीगण बजरंग लाल, रतनलाल, हरिनारायण, गोपाल पिसरान जगदीश जाति ब्राह्मण निवासी बामनहेडी तहसील रामगढ पचवारा जिला दौसा द्वारा इस न्यायालय में प्रस्तुत प्रार्थना पत्र स्थानान्तरण अदम हाजरी एवं अदम पैरवी में खारिज किया जाता है। निर्णय की प्रति अधीनस्थ न्यायालय उप जिला कलक्टर रामगढ पचवारा को भिजवाई जावे। पत्रावली फैसल शुमार की जाकर नम्बर से कम हो एवं बाद पूर्ति प्रविष्ठ लेख भण्डार की जावे। निर्णय आज दिनांक 09.06.2023 को मेरे द्वारा खुले न्यायालय में सुनाया गया।	

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official